उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

थानों रोड, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज के निकट रायपुर, देहरादून–248008
वेबसाइट–**www.sssc.uk.gov.in** E- mail: chayanayog@gmail.com

विज्ञापन संख्याः 84 / उ0अ0से0च0आ0 / 2026 दिनांकः 17 नवम्बर, 2026

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों के अंतर्गत वर्दीधारी सिपाही (समूह 'ग') के रिक्त पदों पर चयन हेतु विज्ञापन।

विज्ञापन प्रकाशन की तिथि	17 नवम्बर, 2026
ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारम्भ तिथि	25 नवम्बर, 2026
ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि	25 दिसम्बर, 2026
ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन करने की अवधि	28 दिसम्बर 2026 से 30 दिसम्बर, 2026 तक
लिखित प्रतियोगी परीक्षा की अनन्तिम तिथि	04 अप्रैल, 2027

02. उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों के अंतर्गत उत्तराखण्ड आरक्षी जनपदीय पुलिस (पुरूष / महिला), उत्तराखण्ड आरक्षी पीएसी / आईआरबी (पुरूष), फायरमैन(अग्निशामक) (पुरूष / महिला), वन आरक्षी, स्पेशल टाईगर गार्ड्स, बन्दी रक्षक, महिला बन्दी रक्षक, सचिवालय रक्षक, आबकारी सिपाही तथा परिवहन आरक्षी (समूह 'ग') के **कुल 1694 रिक्त पदों** पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर दिनांक 25 दिसम्बर, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। **अभ्यर्थी को अपने नाम व जन्मतिथि के सत्यापन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र में हाईस्कूल के प्रमाण–पत्र के साथ–साथ अपने आधार कार्ड के दोनों तरफ की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी को अपने ऊर्ध्वाधर एवं क्षैतिज आरक्षण से सम्बन्धित श्रेणी / उपश्रेणी के प्रमाण–पत्र तथा पर्वतीय क्षेत्र का प्रमाण–पत्र अपलोड करने अनिवार्य होंगे।** रिक्त पदों का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः–

क्र0सं0	पदनाम / विभाग का नाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1	उत्तराखण्ड आरक्षी जनपदीय पुलिस (पुरूष) (उत्तराखण्ड पुलिस विभाग)	रू0 21,700–रू0 69,100 (लेवल–03)	464
2	उत्तराखण्ड आरक्षी पीएसी / आईआरबी (पुरूष) (उत्तराखण्ड पुलिस विभाग)		284
3	उत्तराखण्ड आरक्षी जनपदीय पुलिस (महिला) (उत्तराखण्ड पुलिस विभाग)		238
4	फायरमैन(अग्निशामक) (पुरूष / महिला) (उत्तराखण्ड पुलिस विभाग)		201
5	वन आरक्षी (वन विभाग, उत्तराखण्ड)		171
6	स्पेशल टाईगर गार्ड्स (वन विभाग, उत्तराखण्ड)		75
7	बंदीरक्षक (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग, उत्तराखण्ड)		117
8	महिला बंदीरक्षक (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग, उत्तराखण्ड)		27
9	सचिवालय रक्षक (सचिवालय प्रशासन–3, उत्तराखण्ड)		54
10	आबकारी सिपाही (आबकारी विभाग, उत्तराखण्ड)		45

11	परिवहन आरक्षी (परिवहन विभाग, उत्तराखण्ड)	रू0 21,700–रू0 69,100 (लेवल–03)	18
योग			1694

03. उक्त पदों हेतु चयन प्रक्रिया 02 चरणों में पूर्ण की जाएगी। प्रथम चरण में शारीरिक मानक एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तराखण्ड वर्दीधारी सिपाही पदों पर सीधी भर्ती की चयन प्रक्रिया नियमावली–2025 यथासंशोधित 2026 में निहित प्राविधानों के अनुसार ली जाएगी। सफल घोषित अभ्यर्थियों के चयन हेतु आयोग द्वारा 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्पीय Offline प्रतियोगी परीक्षा आयोजित कराई जाएगी।

04. अभ्यर्थी शारीरिक मानक एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा मापदण्ड तथा लिखित प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। आयोग द्वारा डाक के माध्यम से प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किए जायेंगे। अभ्यर्थियों को सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं आयोग की वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त होंगी। अतः आवश्यक है, कि अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी यथा परीक्षा कार्यक्रम, प्रवेश पत्र इत्यादि के लिए आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** का समय–समय पर अवलोकन करते रहें।

05. **पदों का विवरणः–** उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को प्रेषित/उपलब्ध कराये जाने वाले अधियाचनों में रिक्तियों की गणना एवं आरक्षण की पूर्ति की जिम्मेदारी पूर्णतः सम्बन्धित नियोक्ता विभाग की है। इस विज्ञापन में कुल विज्ञापित पदों व उनके सापेक्ष ऊर्ध्व व क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत पदों की संख्या व विभिन्न श्रेणियों/उपश्रेणियों का उल्लेख सम्बन्धित विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए अधियाचन में दिए गए विवरण के अनुसार ही किया गया है। उत्तराखण्ड शासन के क्षैतिज व ऊर्ध्व आरक्षण सम्बन्धी नवीनतम अधिनियमों/अध्यादेशों/नियमों/शासनादेशों में निर्धारित/नीति निर्देशों के अनुरूप अनारक्षित/आरक्षित रिक्तियों की संख्या में संशोधन/परिवर्तन हो सकता है तथा विज्ञापित रिक्तियों की कुल संख्या व श्रेणीवार/उपश्रेणी की संख्या घट/बढ़ सकती है। विभागों द्वारा उपलब्ध कराई गई रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार हैः–

A- पदनाम– उत्तराखण्ड आरक्षी जनपदीय पुलिस(पुरूष), आरक्षी पीएसी/आईआरबी(पुरूष) तथा आरक्षी जनपदीय पुलिस(महिला) **कुल पद–986**

(i) रिक्तियों का विवरण एवं क्षैतिज आरक्षण की स्थितिः–

क्र0 सं0	पदकोड	पदनाम/विभाग का नाम	आरक्षण श्रेणी	रिक्त पद	क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत रिक्त पदों की संख्या					
					स्व0सं0 से0 के आश्रित	भूतपूर्व सैनिक	अनाथ	उत्तराखण्ड के कुशल खिलाड़ी	उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के चिह्नित आन्दोलनकारी या उनके आश्रित	होमगार्ड
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	648/355/84/2026	उत्तराखण्ड जनपदीय पुलिस आरक्षी (पुरूष) (उत्तराखण्ड पुलिस)	अ0जा0	89	02	05	05	04	10	05
			अ0ज0ज0जा0	18	–	01	01	–	02	01
			अ0पि0व0	65	01	03	03	03	07	03
			आ0क0व0	46	01	02	02	02	05	02
			अना0	246	06	14	14	11	27	14
			योग	464	10	25	25	20	51	25

क्र0 सं0	पदकोड	पदनाम / विभाग का नाम	आरक्षण श्रेणी	रिक्त पद	क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत रिक्त पदों की संख्या					
					स्व0सं0 से0 के आश्रित	भूतपूर्व सैनिक	अनाथ	उत्तराखण्ड के कुशल खिलाड़ी	उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के चिह्नित आन्दोलनकारी या उनके आश्रित	होमगार्ड
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
2	648 / 357 / 84 / 2026	उत्तराखण्ड आरक्षी पीएसी / आईआरबी (पुरुष) (उत्तराखण्ड पुलिस)	अ0जा0	54	01	03	03	02	06	03
			अ0ज0जा0	11	—	01	01	—	01	01
			अ0पि0व0	40	01	02	02	02	04	02
			आ0क0व0	28	01	01	01	01	03	01
			अना0	151	03	08	08	07	17	08
			योग	**284**	**06**	**15**	**15**	**12**	**31**	**15**
3	648 / 356 / 84 / 2026	उत्तराखण्ड जनपदीय पुलिस आरक्षी (महिला) (उत्तराखण्ड पुलिस)	अ0जा0	46	01	03	03	02	05	03
			अ0ज0जा0	09	—	—	—	—	01	—
			अ0पि0व0	33	01	02	02	01	04	02
			आ0क0व0	24	—	01	01	01	02	01
			अना0	126	03	07	07	06	14	07
			योग	**238**	**05**	**13**	**13**	**10**	**26**	**13**
कुल योग—				**986**	**21**	**53**	**53**	**42**	**108**	**53**

(ii) वेतनमानः— रू0 21,700—रू0 69,100 (लेवल—03)

(iii) आयु सीमाः— 18 वर्ष से 25 वर्ष तक।

(iv) पद का स्वरूपः— अराजपत्रित / स्थाई / अंशदायी पेंशनयुक्त।

(v) शैक्षिक अर्हताः—

(a) अनिवार्य अर्हताः—

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल द्वारा मान्य "इण्टरमीडिएट परीक्षा" उत्तीर्ण या उसके समकक्ष अर्हता होनी चाहिए।

(b) अधिमानी अर्हताएंः— अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थी को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा, जिसने :—

1. प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष की सेवा की हो, या
2. नेशनल कैडेट कोर का "बी" अथवा "सी" प्रमाण—पत्र प्राप्त किया हो।

(vi) अनिवार्य शारीरिक अर्हताः—

(a) शारीरिक मानक

इवेन्ट का नाम		पुरुष अभ्यर्थी हेतु	महिला अभ्यर्थी हेतु
ऊंचाई (सेमी) में		सामान्य / एस.सी. / ओ.बी.सी.—165 एस.टी. — 157.5 पर्वतीय — 160	सामान्य / एस.सी. / ओ.बी.सी.—152 एस.टी. — 147 पर्वतीय — 147
सीने की माप (सेमी) में	बिना फुलाए	सामान्य / एस.सी. / ओ.बी.सी. — 78.8 एस.टी. / पर्वतीय — 76.5	—
	फुलाने पर	सामान्य / एस.सी. / ओ.बी.सी. — 83.8 एस.टी. / पर्वतीय — 81.5	—